निमंत्रण

आगच्छ वरदे देवी। पूजां गृहाण सुमुखि नमस्ते शंकरप्रिये ॥
रूपं देहि यशो देहि सौभाग्यं भगवति देहि मे। पुत्रान् देहि धनं देहि सर्वान् कामाँश्च पूरय ॥

भारत की गौरवमयी सभ्यता एवं संस्कृति में 'संवत्सर' का विशेष महत्त्व है। प्राय: सभी शुभ संस्कारों-विवाह-मुण्डनादि एवं मन्त्र-जपादि अनुष्ठानों में संकल्पादि के समय सम्वत् के नाम का प्रयोग किया जाता है। चैत्र शुक्ल एकम् से नये सम्वत् का प्रारम्भ होता है। युगीन व्यवस्था में सत्ययुग का प्रारम्भ तथा ब्रह्मपुराणानुसार श्रीब्रह्मा जी द्वारा 'चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि' सृष्टि का आरम्भ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही किया गया है एवं महाराजाधिराज श्री विक्रमादित्य ने भी इसी दिन विक्रमी संवत् का शुभारम्भ किया है। अतएव सृष्टिसंवत् **1,95 58, 85,120** के अन्तर्गत, श्री विक्रमी संवत् 2076 के आरम्भ में बार्हस्पत्यमान से शिव (रुद्र) विंशति के अन्तर्गत 'दशमयुग' का प्रथम 'परिधावी' नामक (संवत्सरों में **46** वाँ) नया संवत्सर **6** अप्रैल, **2019** ईस्वी सन् तदनुसार **24** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (एकम्) प्रथम वासन्ती नवरात्र से शुरु हो रहा है। इस वार पहले नवरात्र शनिवार **6-4-2019** को वैधृतियोग के कारण घट स्थापन, अभिजित् मुहूर्त्त में **12** बजकर **6** मिनट से **12** बजकर **54** मिं० तक करके 'माँ दुर्गा' के निमित्त पूजा-पाठ का विधि- विधान कल्याणकारी रहेगा।

इस वर्ष हर प्रकार से महत्त्वपूर्ण चैत्र नवरात्र शनिवार **6** अप्रैल से शुरु होकर रविवार **14** अप्रैल, **2019** वैशाखी पर्व पर **9** बजकर **36** मिनट तक 'दुर्गानवमी' वाले दिन समाप्त होंगे और इसी दिन ही **2014** ईस्वी में स्थापित 'श्री गंगास्थली' का विशेष कार्यक्रम भी संपन्न होगा किन्तु रामनवमी का व्रतपर्व शनिवार **13** अप्रैल, **2019** दोपहर **12.00** बजे ही मनाया जायेगा।

भक्त जनो !

नवरात्रों के शुभ पर्व पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 'जम्मू यात्री भवन न्यास (ट्रस्ट)' शनिवार दिनांक **06** अप्रैल, **2019** से रविवार **14** अप्रैल, **2019** तक न्यास एवम् वैश्विक परिवार के सदस्यों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अत्यन्त श्रद्धा भक्ति भाव से चण्डी पाठ एवं रामायण पाठ का विधि-विधान के साथ आयोजन करने जा रहा है।

चैत्र नवरात्र आरम्भ

शनिवार 06 अप्रैल, 2019 अभिजित् मुहूर्त्त में कलश स्थापन एवं चण्डी पाठ प्रारंभ प्रात: काल प्रतिदिन आत्म-पूजन, ब्राह्मण-पूजन, हवन एवं गौ पूजन समापन रविवार **14** अप्रैल, **2019** चण्डी पाठ, हवन एवं कन्या पूजन **11.00** बजे के साथ समापन होगा।

विशेष : इस समूचे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जम्मू कार्यालय में अवश्यमेव पूर्व सूचित कर परिवार के कल्याण के लिए पुण्य लाभ कमा कर स्वयमेव सफल सिद्ध हों।

नवरात्रों के दिनों में आप माँ भगवती जी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्री दुर्गा सप्तशती के **1** पाठ से लेकर **9** पाठ तक करवा सकते हैं। एक पाठ की दक्षिणा हेतु मात्र **1100/-** रुपये होंगे **9** पाठ की **9,100/-**। यदि कोई भक्त समय के अभाव के कारण इस समूचे कार्यक्रम में पूर्ण समय नहीं दे सके तो केवल शुभारम्भ एवं पूर्णाहुति में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकता है।

प्रधान सेवक
पवन कुमार शास्त्री
ट्रस्टीगण सहित

जम्मू यात्री भवन (ट्रस्ट)
जम्मू हैल्पलाईन नम्बर : 7051122990
हरिद्वार हैल्पलाईन नम्बर : 09897128391

चैत्र नवरात्र शनिवार 06 अप्रैल, 2019 से रविवार 14 अप्रैल, 2019

संकल्प पत्र

'जम्मू यात्री भवन' हरिद्वार में

शनिवार 06 अप्रैल, 2019 से

रविवार 14 अप्रैल, 2019 तक

चण्डी पाठ के शुभ मुहूर्त में मैं भी

1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 दिनों का

यजमान बनना चाहता/चाहती हूँ और दक्षिणा के रूप में,

मैं .... रूपये भेंट कर रहा/रही हूँ।

नाम ....

....

सुपत्र/सुपुत्री/पत्नी ....

....

गोत्र ....

पता ....

....

मोबाईल ....

तिथि .... हस्ताक्षर ....

केवल कार्यालय हेतु :

पाठ संख्या .... रू० .... रसीद संख्या .... दिनांक ....